# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

नियमित मासिक प्रकाशन का सोलहवां वर्ष

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org

अंक 192 | स्वैच्छिक सेवा का 59 वां वर्ष | मार्च 2018


## विज्ञान लोकप्रियकरण

●**लोकविज्ञान प्रकाशन :** मार्च अंक के लेख 'विश्व के महानतम वैज्ञानिको में से एक–स्टीफन हॉकिंग, हेपेटाइटिस 'बी', अल्ट्रा साउण्ड, देश के सर्वोच्च शिक्षण संस्थान, विज्ञान का रोचक ज्ञान।

## एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम : आदर्श ग्राम देवाली विकास कार्यक्रम -

दिनांक 27 मार्च 2018 को **डॉ के एल कोठारी, डॉ जी एस आमेटा, श्री मुनीश गोयल, श्री कैलाश वैष्णव** के साथ देवाली ग्राम का भ्रमण किया। जहां सामुदायिक भवन पर ग्राम वासियों में चर्चा हुई। सर्वप्रथम **श्री इन्दरसिंह** अध्यक्ष विकास समिति के, कृत्रिम हाथ लगाने पर उनकी सम्मति प्राप्त की, हाथ के फोटो व अन्य विवरण प्राप्त कर उन्हें दिनांक 20.05.18 को कृत्रिम हाथ लगाने को तैयार रहने को कहा गया। रोटरी क्लब एलीट उदयपुर के माध्यम से यह सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध होगी। डॉ कोठारी ने पिछले माह किये गये कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी व चर्चा की। **श्री भंवर सिंह** ने बताया कि गेहूं अब कट गया है एवं उन्नत बीज जो उन्हें उपलब्ध कराया था उससे अधिक पैदावार हुई है। उनके आम के नये पौधे पर मोड़ लग गये। कुछ पौधों को बकरीयाँ खा गई थी वो पुनः प्रस्फुटित हो रहे हैं। मिर्च के पौधे भी अब भरपूर फल दे रहे हैं। डॉ. आमेटा ने बताया कि नींबू व आँवला के पौधों में कोई विशेष समस्या अथवा शिकायत नहीं आती है। **श्री भँवर सिंह** ने 100–200 नींबू के पौधे अपने यहाँ लगाने का आश्वासन दिया।

डॉ आमेटा द्वारा बताया गया कि अगली बैठक में सभी प्रकार के बागवानी पौधों की मांग एकत्रित कर ली जावे जिससे उनकी समयबद्ध सीमा में आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। संकर पपीता व ग्वार में भी लोगों ने दिलचस्पी दिखाई। मक्की की उन्नत किस्म ग्राम में लगवानी है एवं प्रयत्न यह रहेगा कि शत प्रतिशत खेतों में उन्नत बीज ही बोया जा सके जिसके लिये डॉ आमेटा कृषि विभाग से सम्पर्क में हैं। इस बार 31 मार्च नजदीक होने से कृषि विभाग के अधिकारियों का कार्यक्रम में आना सम्भव नहीं हो पाया। अगली बार उनसे सम्पर्क कर उन्हें ग्राम की कृषि सम्बन्धी समस्याओं से अवगत कराया जा सकेगा। सामुदायिक केन्द्र पर मीटिंग के पश्चात् इन्दरसिंह जी के यहां उनकी वर्मीकम्पोस्ट यूनिट देखी। उसमें काफी कमी अनुभव की गई एवं इसमें सुधार करने को कहा गया। मीटिंग की अगली तिथि शुक्रवार 13 अप्रेल 18 को निश्चित की गई। जिसमें गांव के अधिकतम लोग भाग लें ऐसा प्रयास करना होगा। उसी दिन मेडिकल व पशु चिकित्सा शिविर पर भी चर्चा कर कैम्प की तिथि निश्चित कर ली जावेगी।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ एवं वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ का साझा कार्यक्रम –** दिनांक 16.03.18 को विज्ञान समिति नवाचार महिला प्रकोष्ठ, वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ के साझा कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित




हुआ। 08 मार्च को त्यौहार होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस इस दिन आयोजित नहीं हो सका। इस आयोजन में ग्रामीण महिला चेतना समूह की भी कुछ महिलाओं को आमंत्रित किया गया। **श्रीमती शैल गुप्ता** ने महिला सशक्तीकरण पर अपने विचार रखे।

**न्यूरोलोजी स्पेशलिस्ट डॉ रेनू खमेसरा** को उनकी आदर्श सेवाओं के लिए एवं **बॉक्सिंग, वुशु, कराटे चैम्पियन श्रीमती विनिशा जोशी पंत** का विज्ञान समिति द्वारा सम्मान किया गया। इस





सम्प्रेरक : डॉ. के.बी. शर्मा, अध्यक्ष; डॉ. के.पी. तलेसरा, कार्यकारी अध्यक्ष; रमेश चन्द्र भटनागर, महासचिव
समन्वयक : डॉ. के.एल. कोठारी    सम्पादक : श्री प्रकाश तातेड़

अवसर पर होली मिलन का कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें महिलाओं ने काफी उत्साह से भाग लिया। नृत्य गायन, नाटिका आदि की प्रस्तुति बहुत आकर्षक थी। विज्ञान समिति से भी लगभग 10 सदस्य उपस्थित थे। **डॉ के एल कोठारी** ने संक्षिप्त उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम का संचालन **श्रीमती विजयलक्ष्मी गलूण्डिया** ने




किया। वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका **श्रीमती शकुंतला धाकड़** ने अपने विचार व्यक्त किए। नवाचार महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका **श्रीमती बेला जैन** ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया। महिला चेतना शिविर से भी लगभग 25 सदस्य उपस्थित थे। नवाचार ग्रुप लीडर **श्रीमती रेखा मेहता, श्रीमती सविता कोठारी, श्रीमती मेघा ढावड़ा, श्रीमती मंजु सिंघवी, श्रीमती कांता जोधावत, श्रीमती मंजुला शर्मा, कोषाध्यक्ष श्रीमती राखी जैन, सह संयोजिका डॉ नलिना लोढ़ा** समेत लगभग 190 सदस्याओं की उपस्थिति थी। अंत में सभी ने स्नेह भोज का आनन्द लिया।

## छात्रवृत्ति

● **श्रीमती लक्ष्मी लौहार,** कमल निवास, स्टेट बैंक के पास, भुवाणा, मो. 8290060001, मूल निवासी जेवाणा, त. मावली ने प्रार्थना पत्र दिया कि मेरे दो बच्चे रवीना और रवी क्रमशः कक्षा 3 व एलकेजी में, ज्योती स्कूल , भुवाणा में पढ़ रहे हैं। उनके पति ने उसको छोड़ दिया है। अतः बच्चों की फीस 7 माह की बाकी होने से स्कूल से निकाल दिया है। महिला थाना से इनके बारे में जानकारी देते हुए सुझाव आया कि इन्हें आर्थिक सहायता दी जावे तो बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकेगी। हमने स्कूल के मैनेजमेन्ट से बात की। उन्होंने दो माह की फीस माफ करने का आश्वासन दिया। केस की विश्वसयनीयता लगी तथा दोनों बच्चे भी होनहार नजर आए अतः हमने निर्णय लिया कि 5 माह की फीस विज्ञान समिति से जमा कराएंगे। **श्री प्रकाश जी तातेड़** तथा **श्री कैलाश** उस स्कूल में गये और बातचीत कर दोनों बच्चों की 5 माह की फीस के ₹ 5,700/– चैक नं. 783675 दिनांक 05.03.18 से जमा कराय।

इस परिवार का घर भी **श्री प्रकाश जी तातेड़** और **श्री कैलाश** ने देखा स्थिति दयनीय बताई अतः उनको श्री बी.एलं पोखरना (हमारे सदस्य) की ओर से एक माह की खाद्य सामग्री भी भेजी गयी।

● **रेखा कुंवर शक्तावत** ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में 90.50% अंक प्राप्त किए। वर्तमान में रेजिडेन्सी स्कूल में विज्ञान की छात्रा है। आर्थिक स्थिति सही नही होने से पढ़ाई में बाधा आ रही थी। उसके पिताजी को हमारी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी मिली। उनसे फार्म पूर्ण करवाकर ₹ 2,000/– का चैक दिया।

## सिलाई प्रशिक्षण

● **चंदेसरा** में विज्ञान समिति और महावीर इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में **सिलाई प्रशिक्षण 6 फरवरी** को प्रारम्भ किया गया। प्रशिक्षक **श्रीमती भावना भीमावत** थी। उद्घाटन समारोह में विज्ञान समिति से **श्रीमती मंजुला शर्मा एवं डॉ प्राची भटनागर** उपस्थित थी। 30 सक्रिय दिवस का प्रशिक्षण था। कुछ कारणों से बीच–बीच में प्रशिक्षण बंद रहा। 30 मार्च को प्रशिक्षण पूरा हुआ। प्रशिक्षण के लिये 9 सिलाई मशीनें विज्ञान समिति से भेजी गई । 26/02 को प्रशिक्षण लेने वाली कुछ महिलाएं महिला चेतना शिविर में उनके द्वारा सिले हुए वस्त्र लेकर आई। 8 मार्च को महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष **डॉ बी एल खमेसरा,** सचिव **के एस भण्डारी, श्रीमती मंजुला शर्मा और प्राची भटनागर** ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को देखा। गृहविज्ञान महाविद्यालय से सिलाई विशेषज्ञ **कुमारी लतिका** भी गयी जिन्होंने सिलाई सम्बन्धी कई जानकारियां प्रदानी की। समापन कार्यक्रम चन्देसरा में ही आयोजित किया जाएगा।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● **निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हो रहे हैं। मार्च माह में 10 शिविर आयोजित हुए जिसमें 110 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। सभी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा। आभार।

● **श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में **57वां शिविर** दिनांक 18 मार्च 2018 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल. जैन** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ, **डॉ. ए. के. बापना** वरिष्ठ फिजिशियन **डॉ. अनुराग तलेसरा** वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ, **डॉ. भानु प्रकाश वर्मा,** ईएनटी विशेषज्ञ, **डॉ. शोभालाल औदिच्य,** आयुर्वेद विशेषज्ञ, **दर्शन डेंटल कॉलेज** की सुश्री रीतू रन्डाड, सुश्री हिमानी एवं दंत चिकित्सकीय टीम, **डॉ निखिल पँवार, डॉ. शैल गुप्ता** योग विशेषज्ञ, **श्री एल.एन. शर्मा, श्री ललित पोरवाल**एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। इनके साथ ही मधुमेह परीक्षण की टीम ने भी अपना योगदान प्रदान किया। इनके अतिरिक्त टेक्निशियन्स – **श्री उमंग, श्री दिनेश कुमार, श्री प्रेम, श्री देवीलाल** ने भी अपनी सेवाएं दी। सभी के प्रति आभार।

शिविर में कुल 113 नागरिकों का (42 सामान्य, 05 हृदय रोग, 41 मधुमेह, 2 ईएनटी, 1 दंत रोग, 2 योग, 4 आयुर्वेद, 12 अस्थिरोग,) विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 09 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श

दिया गया। शिविर में **डॉ. के.एल. कोठारी, श्री गणेश डागलिया, डॉ. एन.एल. गुप्ता, डॉ. के.पी. तलेसरा, डॉ. एल.एल. धाकड़, श्री एन.एस. खमेसरा, डॉ. बी.एल. चावत,श्री बी.एस. भण्डारी, श्रीमती कृष्णा भण्डारी, श्रीमती शकुन्तला धाकड़ , श्रीमती रेणु भण्डारी व** महावीर इंटरनेनशनल के **अध्यक्ष श्री बी.एल. खमेसरा व श्री आजाद खमेसरा तथा** इनरव्हील क्लब की **श्रीमती शीला तलेसरा, श्रीमती सीता पारीक, श्रीमती पुष्पा कोठारी, श्रीमती सावित्री टाया आदि ने अपनी** सेवाएं प्रदान की। आगामी **58 वां शिविर 15 अप्रेल 2018** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

●12 मार्च को दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की बैठक में **डॉ एस एल गोदावत** ने Autophagy तथा जैनत्व पर रोचक वार्ता प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि शरीर की हर कोशिका में 'लाईसोसोम' नामक **ऑर्गेनिल** होते हैं जो हानिकारक पदार्थों को निकालकर उन पदार्थों का रिसाईकल करके उन कोशिकाओं में ऊर्जा प्रदान करते हैं। जिससे शरीर की उपापचायी क्रिया में सहायता प्रदान करते हैं। जैनत्व की दृष्टि से इससे निर्जरा होती है और शरीर स्वस्थ रहता है। लम्बे उपवास में यही क्रिया सहयोग करती है। बैठक में लगभग 20 सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर जयंती कार्यक्रम

● दो दिवसीय कार्यक्रम में महावीर जयंती पूर्व संध्या पर 28 मार्च को सायंकाल 4:30 से 6:00 बजे तक महावीर परिषद् एवं विज्ञान समिति के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन विज्ञान समिति के मैरी क्यूरी सभागार में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता थे **डॉ एस आर व्यास तथा** अध्यक्षता **प्रोफेसर प्रेमसुमन जैन** ने की। विषय था ''महावीर मेरी दृष्टि में।'' डॉ व्यास ने बताया कि हमें यह देखना चाहिए की महावीर की शिक्षा के अनुसार हमने हमारा जीवन कितना सार्थक बनाया है।

● महावीर जयंती दिवस पर प्रातः 5 बजे से 6 बजे तक अशोक नगर जैन सोसायटी के बच्चों, वयस्कों द्वारा 150 सामायिक की गई। जिसकी प्रेरणा हमारे सह सचिव **इंजीनियर श्री आर के खोखावत एवं श्रीमती सुशीला भानावत** ने दी।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

प्रबुद्ध चिन्तन प्रकोष्ठ की बैठक दिनांक 31 मार्च 2018 को प्रातः 11 बजे आयोजित हुई। इस बैठक में **''समाज सुधारक एवं क्रांतिकारी कवि संत कबीर''** पर **डॉ के पी तलेसरा** ने बहुत ही रोचक एवं प्रभावी वार्ता प्रस्तुत की।

डॉ तलेसरा ने कबीर को मौलिक दार्शनिक, मार्गदर्शक व वैज्ञानिक कवि बताते हुए उनकी तुलना भगवान महावीर व भगवान बुद्ध से की। साथ ही जैन संत रजनीश को भी उनके समकक्ष रखते हुए उनके विचारों में समानता बताई। उन्होंने अपनी वार्ता में यह बताया कि भगवान महावीर एवं बुद्ध ने वैभव के शिखर पर पहुँचकर ही उसके निस्सारण को पहचाना था जबकि संत कबीर ने कंगाली में रहते हुए भी इस बात को समझ लिया। डॉ तलेसरा ने वेद उपनिषदों के कलिष्ठतम तथ्यों को अत्यंत सरल भाषा में प्रस्तुत किया। कबीर की क्षमताओं को उनके जीवनकाल में पहचान नही हुई साथ ही इतिहासकारों एवं हिन्दी के विद्वानों ने उन्हें वह महत्त्व नहीं दिया जो दिया जाना चाहिए था। कबीर ने वैदिक धर्म व ईस्लाम का समन्वय किया तथा भक्तिकाल के रहस्यवादी निर्गुण कवियों में उच्च स्थान प्राप्त किया। उनकी रचनाओं में उपनिषद का ज्ञान कूट–कूट कर भरा था। उन्होंने जीवन में पलायन मार्ग न अपनाकर अपरिग्रह के सिद्धान्त को अपनाने का मार्ग सुझाया। कबीर एक मौलिक विचारक थे एवं उनकी दृष्टि वैज्ञानिक थी। प्रकोष्ठ के संयोजक **श्री मुनीश गोयल** ने संचालन व धन्यवाद **डॉ के एल कोठारी** ने प्रदान किया।

## केलवा प्रोजेक्ट

●श्रद्धा का फरवरी अंक प्रकाशित एवं वितरित हुआ।

## अन्य कार्यक्रम

● विज्ञान समिति के पदाधिकारियों एवं निदेशकों की बैठक 14 मार्च को आयोजित की गई। जिसमें निर्माण सम्बन्धी एवं समसामयिक विषयों पर चर्चा की जिसमें 15 सदस्य उपस्थित थे। निर्णय लिया गया कि केवल भोज कार्यक्रम के लिए लॉन नहीं दिया जाए।

● हमारे पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं अगले चयनित अध्यक्ष **डॉ एल एल धाकड़** एवं हमारे सदस्य **श्री ए.के. सचेती** जयपुर में स्मार्ट सिटी एनक्लेव संगोष्ठी जो राज्य स्तर पर 15 मार्च को आयोजित थी में भाग लिया।

● समिति के मैडम क्यूरी सभागार में 6 मार्च को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का जिला स्तरीय कार्यक्रम था जिसमें 200 से ऊपर कार्यकर्ता उपस्थित हुई। कार्यक्रम को संबोधित करने जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक भी पधारे।

● दिनांक 23 मार्च 2018 को प्लेटिनम संस्थान(नमो विचार मंच) द्वारा विशाल रक्तदान शिविर समिति के मेडम क्यूरी सभागार में आयोजित हुआ। शिविर में लगभग 329 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के लिए आरएनटी मेडिकल कॉलेज के रक्त बैंक की इकाई गीतांजलि मेडिकल कॉलेज की रक्त बैंक इकाई एवं सरल ब्लड बैंक की इकाई रक्तदान कराने के लिए उपलब्ध थे। इस शिविर के मुख्य संयोजक थे **श्री सत्येन्द्र धनावत**। श्री सत्येन्द्र एवं उनके संस्थान को हार्दिक बधाई।

## सदस्यों सम्बन्धी

● हमारे सदस्य एवं देवाली ग्राम विकास कार्यक्रम के प्रभारी **डॉ जी एस आमेटा** सपत्नि 6 दिवसीय यात्रा में अण्डमान निकोबार द्वीप समूह जाकर आए उनकी यात्रा का रोचक वर्णन भी उन्होंने लिखित रूप से दिया है। डॉ आमेटा को हार्दिक बधाई।

●हमारे वरिष्ठ संरक्षक सदस्य, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं आगे के लिये मनोनीत अध्यक्ष, **इंजीनियर आर के चतुर**, वरिष्ठ नागरिक परिषद् उदयपुर के दो वर्ष (2018–20) के लिये अध्यक्ष चयनित हुए। हार्दिक बधाई!

● हमारे वरिष्ठ संरक्षक एवं पूर्व उपाध्यक्ष **डॉ यशवन्त कोठारी** उदयपुर की महाराणा कुंभा संगीत परिषद के पिछले कई वर्षों से सचिव हैं और बहुत सक्रियता से संस्था को आगे बढ़ा रहे हैं।

वार्षिक त्रि–दिवसीय संगीत समारोह का बहुत सफल आयोजन होता है। जिसमें अखिल भारतीय स्तर के कलाकार प्रस्तुति देते हैं। यह कार्यक्रम उदयपुर की एक विशिष्ट पहचान है। इस वर्ष यह कार्यक्रम 16,17,18 मार्च को आयोजित किया गया। डॉ यशवन्त कोठारी को संस्था की ओर से हार्दिक बधाई!

● इस वर्ष गणतन्त्र दिवस पर किसी एक देश के मुखिया के स्थान पर अनेक देशों के मुखियाओं ने भारतीय गणतन्त्र दिवस को सुशोभित किया। इस कार्यक्रम का एक आकर्षण था, कई राष्ट्राध्यक्षों ने उन लोगों का सम्मान किया जिनके विकास कार्यों में भारतीयों का योगदान रहा। एक नाम जिसने आकर्षित किया वह उदयपुर में जन्मे, पले **श्री विपुल दोशी** (हमारे वरिष्ठ सदस्य **प्रोफेसर जैनेन्द्र कुमार दोशी** के सुपुत्र) का था।

**श्री विपुल दोशी** इन्टरग्लोब टेक्नोलॉजी (गुड़गाँव) के सी.इ.ओ. हैं। लगभग सोलह वर्ष पूर्व 100 लोगों की आईटी कम्पनी से बढ़कर इनके नेतृत्व में आज यह कम्पनी एक अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनी बन चुकी है। आज इस कम्पनी की शाखायें यूरोप के अनेक देशों, फिलीपिन्स, चीन, यू.एस.ए. में अपनी जड़ें जमा चुकी है। अनेक अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियां इन्टरग्लोब से जुड़ने को तत्पर रहती है। कहना नहीं होगा कि **श्री विपुल दोशी** के नेतृत्व में इंटरग्लोब तरक्की के नये आयाम तय करेगी। श्री विपुल की पत्नी **श्रीमती विनती दोशी** स्वयं आई.टी. एक्सपर्ट हैं व गुड़गांव में युवाओं के प्रशिक्षण के लिए संस्था चलाती है। दोशी परिवार को बधाई !

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

## सुविचार

''मन और मकान'' को समय समय पर साफ करना बहुत जरूरी है। क्योंकि ''मकान में बेमतलब सामान'' और ''मन में बेमतलब गलतफहमियाँ'' भर जाती है।
''मन भर के जीयो...''
''मन में भर के मत जीयो...''

अभ्यास हमें बलवान बनाता है, दुःख हमें इंसान बनाता है, हार हमें विनम्रता सिखाती है, जीत हमारे व्यक्तित्व को निखारती है, लेकिन सिर्फ विश्वास ही है जो हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इसलिए हमेशा अपने लोगों पर, अपने आप पर और अपने ईश्वर पर विश्वास रखना चाहिए।

## जन्मदिन की बधाइयाँ

| April | | May | |
|---|---|---|---|
| Sh. Shailendra Kr. Mehta | 01/04 | Sh. HL Pagaria | 03/05 |
| Sh. Prakash Tater | 03/04 | Dr. J.K. Doshi | 07/05 |
| Smt. Nirmala Shah | 03/84 | Sh.Pradeep Bapna | 08/05 |
| Dr. Arun Bordia | 06/04 | Sh. S.N. Joshi | 11/05 |
| Shri Ashok Rathod | 06/04 | Dr. TC Jain | 15/05 |
| Dr. Sujjan Singh | 10/04 | Sh. LN Sharma | 18/05 |
| Sh. R.C. Mehta | 11/04 | Smt.Kaushlya Roongta | 20/05 |
| Sh.Hemant Bohra | 12/04 | Dr. SS Pokharna | 24/05 |
| Sh- B.M. Dixit | 17/04 | Sh. Nitin Kothari | 24/05 |
| Sh.T.P. Paliwal | 25/04 | Sh. BL Pokharna | 27/05 |



## विज्ञान समिति के मार्च माह के कार्यक्रम

● **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

● **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 15 अप्रेल 2018 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✱ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम में खरीफ सम्बन्धी कार्यक्रम पर विस्तृत विचार ग्राम वासियों के साथ | शुक्रवार 13 अप्रेल | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✱ नवाचार महिला प्रकोष्ठ | बुधवार 11 अप्रेल | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✱ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ | शनिवार 14 अप्रेल | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✱ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ | शुक्रवार 20 अप्रेल | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✱ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ | शनिवार 28 अप्रेल | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✱ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | सोमवार 30 अप्रेल | प्रातः 11.00 बजे से |

**विशेष कार्यक्रम**

✱ अन्य कार्यक्रम निशिचत होने पर

**अपील**

● कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।

● निर्माण, स्थायी कोष (कोरपस फंड), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्त सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :– श्रीमान् मदनसिंह जी–श्रीमती लीला जी सुराना, 8–सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**